उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन आयोग,
पिकप भवन, तृतीय तल, गोमतीनगर,
लखनऊ – 226010

संं0- 110 /09/कम्प्यूटर अनुभाग (बारह)/2024/05-परीक्षा/2024

लखनऊ : दिनांक : 27 दिसम्बर, 2024

आवश्यक सूचना

आयोग के विज्ञापन संख्या-05-परीक्षा/2024, कनिष्ठ विश्लेषक (औषधि) मुख्य परीक्षा (प्रा०अ०प०-2023)/05 के अंतर्गत खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन, उ०प्र०, लखनऊ के नियंत्रणाधीन कनिष्ठ विश्लेषक (औषधि) के 361 पदों पर चयन हेतु भारत के नागरिकों से ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किये गये थे।

प्रश्नगत विज्ञापन के अंतर्गत विज्ञापित उक्त 361 पदों पर चयन के लिये प्रारम्भिक अर्हता परीक्षा (PET)-2023 के स्कोर में वास्तविक (Absolute) स्कोर अथवा नार्मलाइस्ड (Normalised) स्कोर में शून्य या उससे कम / नकारात्मक अंक प्राप्त करने वाले अभ्यर्थियों को शार्टलिस्ट न करते हुये, विज्ञापित पदों के सापेक्ष श्रेणीवार 15 गुना (अंतिम कटऑफ अंक धारित करने वाले समस्त अभ्यर्थियों को सम्मिलित करते हुए) के अनुसार उपलब्धता की सीमा तक 2276 अभ्यर्थियों का परिणाम मा० आयोग के निर्णय दिनांक 26.12.2024 द्वारा मुख्य परीक्षा में प्रतिभाग करने हेतु अनुमोदित किया गया है।

उक्त के क्रम में समस्त अभ्यर्थियों को एतद्द्वारा सूचित किया जाता है कि मुख्य परीक्षा हेतु शार्टलिस्ट किये गये अभ्यर्थियों का परिणाम आयोग की वेबसाइट upsssc.gov.in पर अपलोड कर दिया गया है। अभ्यर्थी आयोग की वेबसाइट के Homepage पर उपलब्ध उक्त परिणाम से सम्बन्धित लिंक पर जाकर वांछित प्रविष्टियां अंकित कर अपना परिणाम देख सकते हैं।

उपर्युक्त मुख्य परीक्षा हेतु शार्टलिस्ट किये गये अभ्यर्थियों को मुख्य परीक्षा के लिए शुल्क जमा करने व परीक्षा की तिथि व कार्यक्रम के सम्बन्ध में वेबसाइट के माध्यम से यथासमय पृथक से सूचित किया जाएगा।

(अवनीश सक्सेना)
सचिव।